प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची के धुर्वा में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। यह नया केंद्र देश के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की।

********************

प्रवर्तन निदेशालय, इडी ने आज रांची और हजारीबाग और बड़कागांव में आठ जगहों पर दबिश दी है। बताया जाता है कि मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों और रिश्तेदारों के ठिकानों पर केन्द्रीय जांच एजेंसी छापेमारी कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई कोयला उत्खनन और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े मामले में की जा रही है। रांची में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में पूर्व विधायक के एक करीबी के घर इडी की टीम छानबीन कर रही है जबकि हजारीबाग के बड़कागांव में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत शिवाडीह निवासी मनोज दांगी, पंचम कुमार और मंटू सोनी के ठिकानों पर छापेमारी जारी है। यह सभी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू के करीबी बताए जाते हैं।

********************

पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा कल खूंटी के समाहरणालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में मिशन विकसित भारत के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के महत्व पर केंद्रित एक वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस लेकर आज खूंटी परिसदन मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिस मे पीआईबी के प्रमुख राजेश सिन्हा ने बताया कि कल इस कार्यक्रम में खूंटी की उपायुक्त आर. रॉनिटा मुख्य अतिथि होंगी, जबकि दिल्ली और पटना से विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़ेंगे। प्रेस वार्ता में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राशीद अख्तर भी मौजूद थे।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को कल देर रात फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। मंत्री ने मामले की जानकारी रांची एसएसपी को दी है, जिसके बाद पुलिस ने कॉल नंबर की जांच शुरू कर दी है।

बाबा नगरी देवघर की कनेक्टिविटी बेहतर की जा रही है। देवघर से बाबा बासुकीनाथ फोरलेन सड़क का काम तेजी से किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

पाकुड़ में अंचल निरीक्षक शिवाशिष वात्स्यान के घर डकैती मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, लूटे गए आभूषण, नगद राशि, मोटरसाइकिल और चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

********************

राज्य में पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 60.6 मिलीमीटर बारिश पुटकी में दर्ज की गई, जबकि राज्य का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रांची में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है।

*******समाप्त************